सं.05/8/2019-रा.भा.(सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय / राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-II भवन, बी विंग,
चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली -110001

दिनांक : 07 अगस्त, 2020

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय:- उप निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित पदोन्नति के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 05 मई, 2020 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन एवं तदुपरांत दिनांक 4 जून, 2020 के समसंख्यक अनुस्मारक का अवलोकन करने का कष्ट करें |

2. केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग में सहायक निदेशकों को उप निदेशक के पद पर नियमित आधार पर पदोन्नति देने का मामला विचाराधीन है । अतः अनुरोध है कि विचार क्षेत्र में आने वाले सहायक निदेशक/तदर्थ उप निदेशक (अनुलग्नक – क) की सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र (जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि इनके विरुद्ध न तो कोई सतर्कता संबंधित मामला लंबित है और ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है) एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र (Major/Minor Penalty Statement) राजभाषा विभाग को तुरंत उपलब्ध करवाएँ जिससे अग्रिम कार्रवाई शीघ्र की जा सके ।

सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी / बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र (Major/Minor Penalty Statement) के संदर्भ में मॉडल ड्राफ्ट की भाषा अनुलग्नक – ख में संलग्न है |

7/8/20
(सोहैल अहमद)
सहायक निदेशक (सेवा)
011-2343 8125

सेवा में,

1. संबंधित मंत्रालय / विभाग के अवर सचिव (प्रशासन) । अनुरोध है कि संबन्धित सहायक निदेशक के अपेक्षित दस्तावेज़ शीघ्र राजभाषा विभाग को उपलब्ध कराएं ।

2. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एन आई सी), राजभाषा विभाग: कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें ।

अनुलग्नक – क

क्रम सं.	श्री/श्रीमती/कु.	वर्तमान तैनाती	सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति
1.	हरीश चन्द्र केरापा	मुख्य श्रमायुक्त का कार्यालय	मंगाई जानी है

अनुलग्नक – ख

फ़ाइल सं.

भारत सरकार

मंत्रालय / विभाग का नाम

दिनॉक

विषय : सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र ।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती ____________________, पद ____________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता संबंधी मामला ना ही लंबित है ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है, एवं पिछले 10 वर्षों में उनके ऊपर कोई छोटी-बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है ।

हस्ताक्षर

सक्षम प्राधिकारी

राजभाषा विभाग,

श्रीमती मधुबाला जुनेजा, अनुभाग अधिकारी (सेवा),

गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-2 बिल्डिंग,

जय सिंह रोड, नई दिल्ली -110001